प्राचार्य का कार्यालय, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय।

ज्ञापांक– /लहेरियासराय,दिनांक–

वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन

दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय के लिये वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु विभिन्न विभागों के लिए मशीन उपकरण, फिक्सींग एवं फर्निसिंग, लकड़ी एवं स्टील उपस्कर, दवा एवं रसायन, ग्लासवेयर, कीट एवं रीएजेन्ट, मशीनों की मरम्मती, स्टेशनरी के लिये मुहर बंद लिफाफे में बिहार वाणिज्यकर में निबंधित सरकारी/गैर सरकारी निर्माता फर्म या प्राधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यरत दिनों मे निविदा प्रकाशन के पश्चात सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। प्रथम प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर निविदा/सामानों कार्यो की सूची, शर्त्ते एवं नियम तथा अग्रधन राशि की विवरण महाविद्यालय के Web Site www.dmc.edu.in पर देखा जा सकता है, तथा उसे डाउनलोड कर निविदा समर्पित कर सकते है। साथ ही किसी भी कार्य दिवस के दिन निविदा प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों तक कार्यालय से निविदा/सामानों/कार्यो की सूची, शर्त्ते एवं नियम आदि आवेदन देकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम निविदा प्रकाशन की तिथि से 10 वें दिन के अपराह्न 5:00 बजे तक निविदा स्वीकार्य किया जायेगा। यदि 10 वें दिन किसी प्रकार की छुट्टी रहती है, या अपरिहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बंद रहता तो उसके अगले दिन डाक विभाग से 10 वें दिन तक को प्राप्त निविदा को ली जायेगी। उपर्युक्त दिए गए अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के उपरांत तीन दिनों के अन्दर क्रय समिति के समक्ष कार्यालय अवधि में अपराहन में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है। इसके लिए अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक मे भाग नहीं लेनेवाले द्वारा किसी प्रकार की दावा मान्य नहीं होगा। बैठक की तिथि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा प्रथम प्रकाशन की तिथि से ही मान्य होगा।

10/1/26

प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय।

ज्ञापांक– 257 लहेरियासराय,दिनांक– 10/1/2026

प्रतिलिपिः– आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/जिला पदाधिकारी, दरभंगा/महाप्रबंधक, जिला उद्योग ईकाई, दरभंगा/जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा/अधीक्षक, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, दरभंगा को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–कार्यालय के लेखाशाखा, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–बेवसाईट पर डालने हेतु।

प्रतिलिपि–एक प्रति कार्यालय के सूचना पट हेतु।

प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय।
10.1.26

Scanned with OKEN Scanner